# FARIDABAD

## शहीद परिवार की मदद के लिए आगे आई 100 साल पुरानी शैक्षणिक संस्था अग्रवाल विद्या प्रचारिणी सभा

(Kiran Kathuria) www.bharatdarshannews.com Wednesday,27 February , 2019)



अग्रवाल विद्या प्रचारिणी सभा लेगी अटाली के शहीद संदीप काली रमन के परिवार को गोद

Faridabad News, 27 Feb 2019 : जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में सर्च ऑपरेशन के तहत हुई आतंकी मुठभेड़ में घायल होने के बाद उपचार के दौरान शहीद हुए पैरा कमांडो संदीप काली रमन के परिजानों की सहायता करने के लिए विद्या प्रचारिणी सभा के सभी पदाधिकारी उनके पैतृक गांव अटाली पहुंचे। अग्रवाल विद्या प्रचारिणी सभा के चेयरमैन देवेंद्र गुप्ता ने शहीद के पिता नैनपाल को 5 लाख की राशि का चेक बतौर आर्थिक सहायता हेतु प्रदान किया। श्री गुप्ता ने शहीद परिवार को आश्वासन दिलाया कि इस परिवार के बच्चों को ताउम्र मुफ्त स्कूल, कॉलेज की पढ़ाई की भी सहायता करेंगे। साथ ही उन्होंने नैनपाल से कहा कि भविष्य में यदि उनकी जरूरत पड़ेगी तो वे पीछे नहीं रहेंगे। इस मोके पर श्री गुप्ता ने बताया कि आतंकी मुठभेड़ में शहीद हुए संदीप के परिवार वालों को किसी भी तरह की परेशानी ना हो इसलिए संस्था की ओर से उन्हें आर्थिक मदद दी जा रही है। श्री गुप्ता ने बताया कि इसके अलावा संदीप के शहीद हुए जवान के बच्चों की परवरिश उनके की पूरी जिम्मेदारी संस्था उठाऐगी और अपने शैक्षणिक संस्थानों में बच्चों की पढ़ाई लिखाई नि:शुल्क देने का वायदा भी किया। इस मौके पर शहीद सन्दीप के पिता नैनपाल और गांव के मौजूद मास्टर धर्मवीर ने अग्रवाल विद्या प्रचारिणी सभा के तमाम पदाधिकारियों का इस सहायता के लिए धन्यवाद किया। श्री गुप्ता ने कहा कि जैसे जवान हमारे देश की रक्षा करते हैं उसी तरह इनके परिजनों का ख्याल रखना हम सबका काम है जिससे की जवान अपना दायित्व पूरी तरह से निभा सकें। हमारे देश पर मर मिटने वाले देश की आन बान शान इन वीर सपूतों के परिवार के लिए हमसे जितना भी बन सके हमें करना चाहिए। क्योंकि उन्होंने देश की खातिर अपने प्राणों का निछावर किया है। आज भले ही हम चैन की नींद सोते हैं, लेकिन यह उनकी शहादत के बदौलत ही है  जो खुद रातों को जाग कर सीमा पर हमारी सुरक्षा हेतु पहरा देते हैं ताकि भारत का हर देशवासी स्कून की सँस ले सके। हाल ही में हुए पुलनामा हमले में शहीद संदीप काली रमन ने आतंकी मुठभेड़ में बहादुरी का परिचय दिया है। इस आंतकी हमले में शहीद हुए हर शूरवीर पर सभी देशवासियों को गर्व है और साथ ही बहुत गहरा सदमा भी पहुंचा है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान द्वारा किये गये इसे कायरतापूर्वक आंतकी हमले से पूरे देशवासियों में गुस्सा व्याप्त है। उन्होंने कहा की शहीद संदीप जी के परिवार हमारी संस्था की ओर से की जा रही आर्थिक मदद एक छोटा सा प्रयास है तांकि इस परिवार के लिए हमसे जो बन सकता है हम वो जरूर करें। यहां हम पाठकों को हम बताना चाहेंगे कि इससे पूर्व हरियाणा सरकार की तरफ से मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर 50 लाख रुपए की भगत सहायता 500 गज का प्लॉट और परिवार के एक सदस्य को नौकरी देने की बात कर चुके हैं। इस अवसर पर अग्रवाल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ के.के. गुप्ता, एडवोकेट दिनेश गुप्ता, मुकुट गुप्ता, विजय सिंगला, वासुदेव गुप्ता, जयप्रकाश गुप्ता, पवन गुप्ता, प्रवीण कपूर, सुमन मित्तल आदि प्रमुख रुप से मोजूद थे।